बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–27/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-2.0)

विज्ञापन संख्या – 27/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE-2.0) के लिए दिनांक–02.12.2023 से प्रवेश–पत्र (e-Admit Card) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (Size 25 kb, Dimention 250x250) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. **वर्ग : 6–8 एवं वर्ग : 9–10 से संबंधित वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सामाजिक विज्ञान या विषय का चयन किया है, वे इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र में किसी दो विषय जिसमें से एक विषय इतिहास या भूगोल विषय अनिवार्य है, का चयन करके ही Admit card download से संबंधी आवश्यक प्रक्रिया करेंगे।**
3. माननीय सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में D.EL.Ed की डिग्री मान्य है। अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षक जो दिनांक 10.08.2017 के पूर्व से कार्यरत है उनकी 18 माह की D.EL.Ed डिग्री मान्य होगी।
4. वर्ग : 1–5 से संबंधित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि **कंडिका– 07** में वर्णित सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर **सहमति व्यक्त करते हुए Admit card download करने संबंधी प्रक्रिया करेंगे।**
5. वैसे अभ्यर्थी जो शिक्षा विभाग एवं पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग के अन्तर्गत शिक्षक पद के लिए (वर्ग : 6–8, संगीत/कला विषय को छोड़कर) आवेदन किये हैं तथा दोनों विभाग के लिए अलग–अलग विषयों का चयन किया गया है, उन्हें केवल शिक्षा विभाग के लिए चयनित विषय के परीक्षा में सम्मिलित होना है।
6. सभी अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
7. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक–05.12.2023 से उपलब्ध करायी जायेगी अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
8. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील बंद कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेगें।

1.12.2023

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना